# प्रगति प्रतिवेदन

## 2021 – 2022

## (01.04.2021 से 31.12.2021 तक)

JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि.

प्रशासनिक भवन, भृगु पथ,
मानसरोवर मेट्रो डिपो, जयपुर–302020

JAIPUR METRO

## 1.परिचय एवं संक्षिप्त टिप्पणी :

- वर्ष 2001 में जयपुर शहर की जनसंख्या 23 लाख थी, जो वर्ष 2011 में 31 लाख हो गई।
- विस्तृत ट्रेफिक सर्वे रिपोर्ट, 2010 के अनुसार पब्लिक ट्रान्सपोर्ट का जयपुर के कुल यातायात में 19 प्रतिशत ही हिस्सा है, जो कि गत वर्षों की तुलना में निरन्तर घट रहा है। राष्ट्रीय शहरी यातायात योजना (एनयूटीपी) का एक मुख्य उद्देश्य कुल यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बढ़ाना तथा इसको प्राथमिकता प्रदान करना है। अतः वर्ष 2031 तक जयपुर के कुल यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के लक्ष्य की प्राप्ति, ऊर्जा संचय, प्रदूषण में कमी तथा निजी वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित किये जाने हेतु मेट्रो रेल परियोजना की क्रियान्विति आवश्यक समझी गई और अप्रेल 2010 में राज्य सरकार द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं :
  - सड़क यातायात के दबाव को कम करना।
  - यातायात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भागीदारी बढ़ाना।
  - यातायात प्रणाली में सुधार करना।
  - जयपुर शहर की विरासत, समृद्ध संस्कृति एवं स्वरूप को बनाये रखना।
  - पर्यावरण तथा ईको सिस्टम में सुधार लाना।
  - शहर की भावी यातायात मांग को पूर्ण करना।
  - निजी वाहनों पर अपव्यय को रोकना।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से तैयार करवाई गई। जिसके अनुसार परियोजना को दो चरणों में क्रियान्वित किया जाना है। प्रथम चरण की लागत लगभग 3149 करोड़ रूपये है।

JAIPUR METRO

- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं :–

| विवरण | फेज–1ए | फेज–1बी | कुल फेज–1 |
|---|---|---|---|
| कहाँ से कहाँ तक | मानसरोवर से चाँदपोल | चाँदपोल से बड़ी चौपड़ | मानसरोवर से बड़ी चौपड़ |
| एलिवेटेड रूट की लम्बाई (कि.मी.) | 9.1 | - | 9.1 |
| भूमिगत मार्ग की लम्बाई (कि.मी.) | 0.5 | 2.01 | 2.51 |
| मार्ग की कुल लम्बाई (कि.मी.) | 9.6 | 2.01 | 11.61 |
| एलिवेटेड स्टेशन | 8 | - | 8 |
| भूमिगत स्टेशन | 1 | 2 | 3 |
| कुल स्टेशन | 9 | 2 | 11 |
| कुल लागत (करोड़ रू. में) | 2023 | 1126 | 3149 |
| फाइनेंशियल इन्टरनल रेट ऑफ रिटर्न (FIRR) | - | - | 8.24% |
| व्यावसायिक परिचालन की तारीख | 3 जून, 2015 से आरम्भ | 23.09.2020 से आरम्भ | - |
| क्रियान्वयन की विधि | ई.पी.सी. | ई.पी.सी. | - |
| क्रियान्वयन एजेन्सी | दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन | जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन | - |

- केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान सरकार की सहमति के पश्चात् मेट्रो रेल्वेज (कन्सट्रक्शन ऑफ वर्क्स) एक्ट, 1978 एवं मेट्रो रेल्वेज (ऑपरेशन एण्ड मैन्टीनेन्स) एक्ट, 2002 को दिनांक 14.01.2011 से जयपुर शहर में लागू किया गया है।
- परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत फेज–1ए (मानसरोवर से चाँदपोल तक) का निर्माण कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा डिपोजिट वर्क के आधार पर फरवरी, 2011 से काम शुरू किया गया।

- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना के फेज–1ए (मानसरोवर से चांदपोल) का निर्माण कार्य पूर्ण कर व्यवसायिक संचालन दिनांक 03 जून 2015 से प्रारम्भ किया गया। इसके तहत कुल नौ मेट्रो स्टेशन बनाये गए जिनका विवरण निम्न है:

| | एलिवेटेड स्टेशन | भूमिगत स्टेशन |
|---|---|---|
| प्रथम चरण (फेज–1ए) | 1. मानसरोवर<br>2. न्यू आतिश मार्केट<br>3. विवेक विहार<br>4. श्याम नगर<br>5. रामनगर<br>6. सिविल लाईन्स<br>7. रेलवे स्टेशन<br>8. सिन्धी कैम्प | 1. चाँदपोल |

- परियोजना के फेज–1बी के निर्माण कार्य हेतु दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) को जनरल कन्सलटेन्ट नियुक्त किया गया था। इसके तहत दो भूमिगत मेट्रो स्टेशनों यथा छोटी चौपड़ एवं बड़ी चौपड़ एवं चांदपोल से बड़ी चौपड मेट्रो स्टेशनों के बीच भूमिगत मेट्रो लाईन का निर्माण पूर्ण होकर मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त के निरीक्षणोपरांत स्वीकृति दिनांक 21.03.2020 को मिली व कोविड के लॉकडाउन के पश्चात् व्यावसायिक परिचालन माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान द्वारा दिनांक 23.09.2020 को आरंभ किया गया।

2. <u>जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का संगठनात्मक ढांचा</u> :

   - जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की क्रियान्विति हेतु राज्य सरकार के उपक्रम के रूप में जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड का पंजीकरण दिनांक 1 जनवरी 2010 को कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत किया।
   - कॉरपोरेशन के गठित निदेशक मण्डल में वर्तमान में 1 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं 4 पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा राज्य सरकार द्वारा मनोनीत 9 अन्य एवं 2 स्वतंत्र निदेशक सम्मिलित हैं।

- कॉरपोरेशन में चार निदेशालयों का गठन निम्नानुसार है जो पूर्णकालिक निदेशकों के नेतृव में प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं :–

| क्र. सं. | निदेशालय | मुख्य कार्य |
|---|---|---|
| 1. | परियोजना निदेशालय | परियोजना का क्रियान्वयन |
| 2. | परिचालन एवं प्रणाली निदेशालय | मेट्रो का संचालन एवं सभी प्रणालियों का अनुरक्षण, यात्रियों की संरक्षा/सुविधा/राजस्व आदि कार्य |
| 3. | कम्पनी मामलात निदेशालय | प्रशासन, विधि, मानव संसाधन, प्रॉपर्टी डवलपमेन्ट, विज्ञापन, भूमि शाखा, सूचना प्रौद्योगिकी, जन सम्पर्क, आदि |
| 4. | वित्त निदेशालय | वित्त एवं लेखा सम्बन्धी कार्य |

3. जयपुर मेट्रो के प्रमुख कार्य एवं प्रगति :

अ. परियोजना

(i) द्वितीय चरण फेज–2 :– (सीतापुरा से अम्बाबाडी)

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज–2 की नई डीपीआर (जुलाई 2020) (सीतापुरा से अम्बाबाड़ी, लम्बाई 23.5 कि.मी.) DMRC द्वारा तैयार की गई है तथा इसकी अनुमानित लागत रू 4600 करोड़ प्रस्तावित है। जयपुर मेट्रो की 45th BOD Meeting दिए गए निर्देशानुसार इस डीपीआर पर आम जनता के सुझाव मांगे जा रहे है। डीपीआर को राज्य सरकार से अनुमोदन के उपरान्त भारत सरकार को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया जावेगा।

(ii) फेज–1सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर)

जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज–1B के विस्तार हेतु प्रस्तावित फेज–1C (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोट नगर, कुल लम्बाई 2.85 कि.मी.) की दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा डीपीआर तैयार करवाई जा चुकी है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग रू 870 करोड़ है। इस परियोजना में रामगंज स्टेशन भूमिगत रहेगा एवं ट्रांसपोट नगर स्टेशन का निर्माण भूमि के ऊपर प्रस्तावित है। निर्देशानुसार इस पर आम जनता से सुझाव मागें जा रहे है। डीपीआर को राज्य सरकार से अनुमोदन के उपरान्त भारत सरकार को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया जावेगा।

## ब. जयपुर मेट्रो का संचालन –

JAIPUR METRO

- जयपुर मेट्रो रेल का संचालन फेज–1ए व 1बी (कुल लम्बाई 11.61 कि.मी.) पर किया जा रहा है।
- जयपुर मेट्रो का परिचालन अब तक दुर्घटनारहित तथा यात्री गाड़ियों की समयपालनता 99.88 प्रतिशत रही है।
- जयपुर मेट्रो की सेवायें 3 जून 2015 से प्रारम्भ की गई थी और 21 मार्च 2020 तक निर्बाधित सफलतापूर्वक चली, जयपुर मेट्रो परिवहन सेवा को राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना के तहत कोविड–19 महामारी के कारण दिनांक 22.03.2020 से दिनांक 22.09.2020 और दिनांक 10.05.2021 से दिनांक 16.06.2021 तक आमजन के लिए बंद किया हुआ था।
- मेट्रो सेवाओं चांदपोल से बड़ी चौपड़ (फेज 1–बी) का निर्माण कार्य सम्पन्न होने पर कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी द्वारा दिनांक 21 मार्च 2020 को फेज–1बी के संचालन हेतु ऑथोराईजेशन पत्र जारी किया गया। लेकिन कोरोना महामारी के मद्‌देनजर दिनांक 22 मार्च 2020 से मेट्रो सेवा को बंद कर दिया गया था। तत्पश्चात अनलॉक–4 के तहत दिनांक 23 सितम्बर, 2020 को राजस्थान की प्रथम भूमिगत मेट्रो सेवा का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार श्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया, जिससे यात्रियों को मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक मेट्रो सुविधा का लाभ दिनांक 23 सितम्बर 2020 से अभी तक निर्बाध रूप से मिल रहा है।
- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. ने 3 जून, 2015 से 31 दिसम्बर 2021 तक 3,29,310 मेट्रो ट्रेनों का सफल संचालन कर 412.40 लाख यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाया। इस अवधि में टिकटों से कुल रूपये 49.67 करोंड़ की राजस्व प्राप्ति हुई।
- जयपुर मेट्रो की अप्रेल 2021 से दिसम्बर 2021 तक परिचालन की स्थिति निम्न प्रकार हैः–

| माह | कुल यात्री भार (संख्या) | औसत दैनिक यात्री भार (संख्या) |
|---|---|---|
| अप्रेल, 2021 | 243072 | 8102 |
| मई, 2021* | 15010 | 1668 |
| जून, 2021* | 65999 | 5500 |
| जुलाई, 2021 | 320849 | 11064 |
| अगस्त, 2021 | 442404 | 14271 |
| सितम्बर, 2021 | 611367 | 20379 |
| अक्टूबर, 2021 | 638901 | 20610 |
| नवम्बर, 2021 | 665145 | 22172 |
| दिसम्बर, 2021 | 774156 | 24973 |

*कोरोना महामारी के मद्‌देनजर दिनांक 10.05.2021 से दिनांक 16.06.2021 तक आमजन के लिए बंद किया हुआ था।

## सः मानव संसाधन

- परियोजना की समयबद्ध क्रियान्विति व जयपुर मेट्रो के संचालन हेतु कॉरपोरेशन में राज्य सरकार से स्वीकृत 507 पद हैं। इन स्वीकृत 507 पदों में से सीधी भर्ती के 436 पद, प्रोमोशन के 25 व केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/संस्थाओं से विशेष चयन द्वारा प्रतिनियुक्ति पर भरने के 46 पद शामिल हैं। स्वीकृत पदों एवं रिक्तियों का विवरण (31.12.2021 की स्थिति) निम्न प्रकार हैः–

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक | 04 | 02 | 02 |
| 2. | कार्यकारी निदेशक | 06 | 05 | 01 |
| 3. | महाप्रबन्धक | 08 | 04 | 04 |
| 4. | संयुक्त महाप्रबन्धक | 04 | 02 | 02 |
| 5. | निजी सचिव | 05 | 01 | 04 |
| 6. | उप महाप्रबन्धक | 06 | 04 | 02 |
| 7. | कम्पनी सचिव | 01 | 00 | 01 |
| 8. | प्रबंधक | 15 | 11 | 04 |
| 9. | विधि अधिकारी | 01 | 01 | 00 |
| 10. | ट्रेवलिग इन्स्पेक्टर | 01 | 01 | 00 |
| 11. | तहसीलदार | 01 | 00 | 01 |
| 12. | जन सम्पर्क अधिकारी | 01 | 01 | 00 |
| 13. | वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (लेखा) | 01 | 02 | 00 |
| 14. | स्टेशन अधीक्षक | 07 | 01 | 06 |
| 15. | कार्यकारी अधिकारी (लेखा) | 03 | 02 | 01 |
| 16. | कार्यकारी अधिकारी (मा.स./प्रशासन) | 01 | 00 | 01 |
| 17. | स्टेशन कन्ट्रोलर/ट्रेन आपरेटर | 82 | 79 | 03 |
| 18. | कनिष्ठ अभियंता | 105 | 82 | 23 |
| 19. | स्टेनोग्राफर | 01 | 01 | 00 |
| 20. | कनिष्ठ लेखाकार | 02 | 02 | 00 |
| 21. | कस्टमर रिलेशन्स असिस्टेन्ट | 54 | 40 | 14 |
| 22. | हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क असिस्टेन्ट | 01 | 01 | 00 |
| 23. | मेन्टेनर | 192 | 155 | 37 |
| 24. | पटवारी/ अमीन | 04 | 02 | 02 |
| 25. | अन्य | 00 | 01 | 00 |
| | **योग** | **507** | **401** | **108** |

इनके अतिरिक्त रिक्त पदो के विरूद्व 01 कर्मचारी राज्य सरकार से सीधे प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है।

- अतिरिक्त मानव संसाधनों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु केन्द्र/राज्य सरकार से सेवानिवृत अधिकारियों/कर्मचारियों व आउटसोर्सिंग प्लेसमेंट एजेन्सी की सेवाएं ली जाती हैं।

- हाल ही में सीधी भर्ती के 67 रिक्त पदों में से 47 पदों के लिए लिखित परीक्षा (CBT) आयोजित की जा चुकी है जिसमें से 47 पदों की आयोजित परीक्षा का परिणाम निकाल दिया गया है। SC/TO के 8 पदों एवं जूनियर इंजिनियर (विद्युत) के 6 पदों पर नियुक्ति दे दी गई है। Junior Engineer/Maintainer अन्य पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांच एवं चिकित्सा जॉच का कार्य किया जा चुका है एवं शेष 20 पदों पर JMRC में CRA व Maintainer (Electricion) की सीधी भर्ती हेतु राज्य सरकार के परिपत्र की अनुपालना में EWS के अभ्यार्भियों को आवेदन करने हेतु आवेदन खिड़की दिनांक 17.01.2022 तक खोली गई है। इसके पश्चात उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

द. वित्तीय प्रगति –

- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरशन के गठन से 31 दिसम्बर, 2021 तक परियोजना के प्रथम चरण हेतु (अनुमानित लागत रू. 3149 करोड़) हेतु विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त राशि का विवरण निम्न प्रकार है :

| स्त्रोत | प्राप्त राशि (रू. करोड़ में ) |
|---|---|
| राज्य सरकार से अंशपूंजी /ऋण /अनुदान | 1875.70 |
| राज्य सरकार से ADB ऋण के रूप में | 809.86 |
| जयपुर विकास प्राधिकरण से अनुदान | 119.81 |
| रीको लि0 से अंशपूंजी | 100.00 |
| राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड से अंशपूंजी | 100.00 |
| **कुल प्राप्त राशि** | **3005.37** |

- इसमें से वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान माह दिसम्बर, 2021 तक प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| विवरण | प्राप्त राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|
| राज्य सरकार से ऋण | 0.00 |
| राज्य सरकार से ADB ऋण के रूप में प्राप्त | 10.31 |
| **कुल प्राप्त राशि** | **10.31** |

- इसके अतिरिक्त जयपुर मेट्रो फेज –1ए के वाणिज्यिक संचालन की हानि की प्रतिपूर्ति हेतु वर्ष 2021–22 (माह दिसम्बर, 2021 तक) में राज्य सरकार की राजस्थान परिवहन आधारभूत विकास निधि से रूपये 15.00 करोड़ सहायतार्थ अनुदान मद में प्राप्त हुए है। वर्ष 2018–19 में रूपये 72.83 करोड़, वर्ष 2019–20 में के दौरान रू. 73.97 करोड़ तथा वर्ष 2020–21 में रूपये 75.00 करोड की राशि वाणिज्यिक संचालन की हानि की प्रतिपूर्ति /आर्थिक सहायता हेतु राज्य सरकार की राज. परिवहन आधारभूत विकास निधि से सहायतार्थ अनुदान मद में प्राप्त हुई है।
- जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा कॉरपोरेशन के गठन से माह दिसम्बर 2021 तक परियोजना के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों पर पूंजीगत व्यय रूपये 3105.38 करोड़, परियोजना के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों पर पूंजीगत व्यय रूपये 3.89 करोड़ तथा संचालन एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर रूपये 497.70 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल रूपये 3606.97 करोड़ का व्यय किया गया है। इसमें से वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान माह दिसम्बर, 2021 तक रूपये 3.43 करोड़ का पूंजीगत व्यय तथा संचालन एवं प्रशासनिक गतिविधियों पर रूपये 36.53 करोड़ का व्यय किया गया है। वर्ष 2021–22 में कुल व्यय रू. 39.96 करोड़ किया गया हैं।

वर्ष 2020–21 तथा 2021–22 ( 31 दिसम्बर, 2021 तक) आय व्यय विवरण निम्न प्रकार है:–

(Rs. in Crore)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **A.** | **Capital Receipts & Expenditures** | | | | | |
| | Receipts | 2020-21 | 2021-22 | Expenditure | 2020-21 | 2021-22 |
| | Loans: | | | Phase 1 (A) | 0.00 | 0.00 |
| | GoR | -50.00 | 0.00 | Phase 1 (B) | 75.44 | 3.25 |
| | ADB | 127.00 | 10.31 | Phase II | 0.00 | 0.00 |
| | RTIDF | 0.00 | 0.00 | Procurement of Other fixed assets | 0.34 | 0.18 |
| | Total A | 77.00 | 10.31 | Total A | 75.78 | 3.43 |
| **B.** | **Operational Receipts & Expenditure** | | | | | |
| | Fare Box Revenue | 2.50 | 5.14 | Admin. Expenses of O&S Directorate | | |
| | Non- Fare Box Revenue | 2.03 | 3.37 | (a) Salary & Allowances | 25.92 | 18.21 |
| | | | | (b) Operational Exp. | 17.27 | 12.99 |
| | | | | (c) Office Exp. | 1.73 | 0.55 |
| | Total B | 4.53 | 8.51 | Total B | 44.92 | 31.75 |
| **C.** | **Administrative Receipts & Expenditure** | | | | | |
| | Interest and other income | 1.19 | 0.15 | Salary & allowances | 6.58 | 4.13 |
| | | | | Office Expenditure | 6.07 | 0.65 |
| | Total C | 1.19 | 0.15 | Total C | 12.65 | 4.78 |
| | Grant from RTIDF | 75.00 | 15.00 | | | |

य: गैर किराया आय:–

- जयपुर मेट्रो गैर किराया आय के क्षेत्र में राजस्व वृद्धि के लिए लगातार कार्यरत है। इस हेतु निम्न क्षेत्रों में अनुबन्ध किए गए है/किए जा रहे है:–
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध Retail Space की लीज
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों के अन्दर/बाहर विज्ञापन के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों/डिपों पर मोबाईल कवरेज का लाइसेन्स
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों की छत पर मोबाईल टॉवर के लिए जगह की लीज
  - ➢ मेट्रो ट्रेन के अन्दर/बाहर विज्ञापन के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशन मानसरोवर, रेल्वे स्टेशन और सिन्धी कैम्प पर स्टेशन ब्राण्डिंग के अधिकार
  - ➢ मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग के लाइसेन्स आदि

## 4. आलोच्य वर्ष में विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ –

- ➢ REET-2021 परीक्षा के दौरान दिनांक 25.09.2021 एवं 26.09.2021 में कुल 27693 परीक्षार्थियों को जयपुर मेट्रो में निःशुल्क यात्रा कराई गई।
- ➢ दिनांक 14.11.2021 को शहरी विकास की स्टैंडिग समिति को जयपुर मेट्रो का विशेष शैक्षणिक भ्रमण छोटी चौपड़ एवं बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर करवाया गया।
- ➢ दिनांक 14–15 नवम्बर 2021 को चॉदपोल मेट्रो स्टेशन पर निःशुल्क मधुमेह निदान एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डायबिटीज वेलफेयर सोसायटी, जयपुर द्वारा मेट्रो यात्रियों व आमजनो की रक्तचाप (ब्लड़ प्रेशर), शुगर (डायबिटीज), थाईराइड, ब्लड ग्रुप, आंखें, एवं अन्य रोगो संबंधी निःशुल्क जाँच की गई। इस शिविर में चित्रकला प्रतियोगिता, ब्लॉक प्रिन्टिंग ट्रेनिंग, योग एवं मेडिटेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी कार्यकम भी आयोजित किए गए। इस शिविर में रक्तदान कार्यकम आयोजित किया गया।
- ➢ लॉकडाउन की अवधि में सभी तकनीकी कर्मचारियों का कौशल बढ़ाने हेतु Refresher Course Tranning कराई गई ।
- ➢ इस अवधि में मेट्रो प्रणाली एवं मेट्रो ट्रेनों के Pending Maintaince Due Schedule पूरे किये गये।
- ➢ दिनांक 17.06.2021 से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार संख्या 2 पर स्थित जयपुर मेट्रो कलादीर्घा को आमजन हेतु रविवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 09:30 बजे से शाम 03:00 बजे तक तथा दिनांक 12.07.2021 से प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक खोली जाती है। इस कलादीर्घा में पर्यटक राजस्थान की प्राचीन मूर्तिकला, रागमाला की पेन्टिंग एवं अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को देख पा रहे हैं।

JAIPUR METRO

- दिनांक 20.12.2021 से जयपुर मेट्रो कलादीर्घा को पुरातत्व एवं संग्राहलय विभाग के कम्पोजिट टिकिट में जुडवाने हेतु कार्यालय पत्र प्रेषित किया गया है। कलादीर्घा के लिये प्रवेश शुल्क की नवीनतम दरे निम्न प्रकार है:–

| क्र.सं. | दर्शक / पर्यटक | दर |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय पर्यटक | 20 रूपये |
| 2. | भारतीय विद्यार्थी | 10 रूपये |
| 3. | विदेशी नागरिक | 100 रूपये |
| 4. | विदेशी विद्यार्थी | 50 रूपये |

- राजस्थान सरकार द्वारा लागू त्रि–स्तरीय जनअनुशासन दिशा–निर्देश 4.0 के क्रम में दिनांक 12.07.2021 से मेट्रो का संचलान प्रातः 06:20 बजे से 09:20 बजे तक है तथा हर 10 मिनिट के अंतराल में मेट्रो की 178 ट्रिप चलाई जा रही है। जिसमें 89 ट्रिप मानसरोवर से बड़ी चौपड़ और 89 ट्रिप बड़ी चौपड़ से मानसरोवर तक चल रही है।
- जयपुर मेट्रो ने मानसरोवर मेट्रो डिपो स्थित वर्कशॉप में टोकन को सेनिटाईजेशन करने हेतु एक टोकन सेनिटाईजेशन उपकरण बनाया है। इस बॉक्सनुमा उपकरण में बिजली से पराबैंगनी किरणो को उत्पन्न कर टोकन सेनिटाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इससे यात्रा में काम आने वाले सभी टोकनों को रात्रि में सेनिटाईज किया जा रहा है। ताकि सभी टोकन वायरस मुक्त हो जायें और यात्री सुरक्षित सफर कर सके।
- डिजीटल इंडिया मिशन के तहत जयपुर मेट्रो में यात्रियों की सुविधा हेतु स्मार्ट कार्ड धारी मेट्रो यात्री मेट्रो स्टेशनों पर एवं घर बैठे कहीं से भी ऑनलाईन वेब रिचार्ज सकते है। करीब 90 हजार मेट्रो यात्रियों के पास स्मार्ट कार्ड हैं।
- सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्री अपने डेबिट / क्रेडिट कार्ड से PAYTM - QR Code एवं POS मशीनों का उपयोग कर स्मार्ट कार्ड खरीद एवं रिचार्ज कर सकतें है, टोकन भी खरीद सकते है। मेट्रो स्मार्ट कार्ड से यात्रा करने पर किराये मे 10 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है।
- वर्तमान मे जयपुर मेट्रो मे अधिकतम किराया 22 रू एवं न्यूनतम किराया 6 रू है।

5. <u>जयपुर मेट्रो द्वारा यात्रियो एवं कर्मचारियों के लिए कोरोना प्रबंधन हेतु किये गये उपायों का संक्षिप्त विवरण निम्न है:–</u>

- कोरोना से बचाव हेतु मेट्रो कर्मचारियों तथा मेट्रो पुलिस कर्मियों को मेट्रो संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का प्रशिक्षण दिया गया। यात्रियों की सुविधा हेतु प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यक उपकरण, सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाये गये है। जैसे थर्मल स्क्रीनर, फेस शील्ड, मास्क, हैंड–ग्लव्स, फुट सैनिटाईजर मशीन, डिसइन्फेक्सन स्प्रे मशीन एवं प्रर्याप्त मात्रा में सैनिटाईजर।

- सभी मेट्रो ट्रेनों एंव मेट्रो स्टेशनों पर सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने हेतु चिन्हांकन (Marking) भी किया गया है।
- यात्रियो के सम्पर्क मे आने वाले प्रत्येक उपकरणो जैसे लिफ्ट, ए.एफ.सी गेट, हैंड रेल इत्यादि को दिन मे बार–बार सैनेटाइज करने की व्यवस्था की गई है।
- मेट्रो ट्रेन एंव मेट्रो स्टेशनो को प्रतिदिन डिसइन्फेक्ट करने की व्यवस्था की गई है।
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा मास्क पहनने के लिए ट्रेनों में तथा स्टेशनों के भीतर भी पहले से रिकार्ड की गई ऑडियो उद्घोषणाएं की जा रही है।
- आमजन को जागरूक करने हेतु राज्य सरकार के आदेशो के तहत कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में क्या करें और क्या न करें संबधी दिशा–निर्देश एवं संकेतक सभी मेट्रो स्टेशनों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए है।

....................................................................................